हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 31.3°c
न्यूनतम 18.8°c

बिजली कर्मियों की हड़ताल, परेशान लोग सड़कों पर, कई जगह जाम, और बिगड़ सकते हैं हालात



12

हंगामे के साथ शुरू हुई नगर निगम हाउस की मीटिंग

आयुक्त पर जड़े दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप पार्षदों के बीच तीखी बहस और तू-तड़ाक

आयुक्त बोले निगम के पास बजट कम, हर वार्ड में एक-एक करोड़ के काम कराने का ऐलान, 242 एजेंडे पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





नगर निगम के सदन में बृहस्पतिवार को शहर के विकास की योजनाओं पर चर्चा शुरू होने से पहले ही पार्षदों के सम्मान और अधिकारियों के व्यवहार का मुद्दा गरमा गया। महिला पार्षद के साथ कथित दुर्व्यवहार के आरोप पर पार्षदों ने निगम आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। माफी की मांग को लेकर हंगामा हुआ तो पार्षदों के बीच भी तीखी बहस और तू-तड़ाक देखने को मिली। किसी ने अधिकारियों के व्यवहार पर सवाल उठाए तो किसी ने विरोध करने वाले पार्षदों के तरीके पर आपत्ति जताई। इस हंगामे के बीच नगर निगम हाउस की बैठक में शहर के विकास कार्यों के लिए बजट की कमी का मुद्दा भी छाया रहा। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने साफ किया कि निगम के पास उपलब्ध राशि के हिसाब से ही काम करवाए जा सकते हैं। हर वार्ड में करीब एक-एक करोड़ रुपये के काम करवाने की योजना है। मेयर रामअवतार ने बताया कि मीटिंग में रखे गए सभी 242 एजेंडे पास कर दिए गए हैं। जिन पर जल्द काम शुरू करवाया जाएगा।

पार्षद अंजू सैनी के आरोप से शुरू हुआ विवाद

हाउस की बैठक शुरू होने से पहले ही वार्ड-8 की पार्षद अंजू सैनी ने आयुक्त सत्येंद्र दुहन पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। उनके समर्थन में दूसरे पार्षद भी खड़े हो गए और आयुक्त से माफी मांगने की मांग करने लगे। इससे बैठक का माहौल तनावपूर्ण हो गया। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया। अंजू सैनी ने कहा कि जब भी वे नगर निगम आयुक्त के पास काम लेकर जाती हैं तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। अधिकारियों के व्यवहार पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि किसी काम में परेशानी है तो उसका कारण स्पष्ट किया जाना चाहिए।

पार्षद डिंपल जैन ने भी किया समर्थन

वार्ड-17 की पार्षद डिंपल जैन ने भी अंजू सैनी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वह आयुक्त के पास न तो कमीशन मांगने गई थी और न ही अपने बेटे को नौकरी लगवाने, बल्कि जनता के काम लेकर गई थीं। उनकी बात नहीं सुनना जनप्रतिनिधि का अपमान है। उन्होंने आयुक्त से माफी मांगने की मांग की। वार्ड-5 के पार्षद सुरेश किराड़ ने कहा कि अंजू सैनी के आरोपों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वार्ड-14 की पार्षद कंचन खुराना ने भी महिला पार्षदों के सम्मान का मुद्दा उठाया।

परीक्षित देशवाल और सुरेश किराड़ में बहस, आयुक्त ने भी नकारे आरोप

बैठक के दौरान वार्ड-11 के पार्षद परीक्षित देशवाल ने कहा कि आयुक्त ने उनके साथ कभी दुर्व्यवहार नहीं किया। इस पर सुरेश किराड़ ने आपत्ति जताई और दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। वार्ड-20 के पार्षद प्रवीण कौशिक भी बहस में शामिल हो गए। प्रवीण कौशिक ने परीक्षित देशवाल से कहा कि वे किसी अफसर की दलाली नहीं जनता के काम करवाने के लिए सदन में पहुंचे हैं। इस पर परीक्षित देशवाल ने कहा कि बैठक को तमाशा बनाया जा रहा है। यदि किसी पार्षद से गलत व्यवहार हुआ था तो पहले फोन करके बताया जा सकता था। काफी बहस के बाद बीच-बचाव कर मामला शांत कराया गया। दूसरी ओर आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने सभी पार्षदों को सम्मान दिया है और कभी किसी के साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया। कार्यालय में ऐसा माहौल रखने का प्रयास किया जाता है, जिसमें कर्मचारी और अधिकारी मिलकर अच्छे तरीके से काम कर सकें।

भूपेंद्र हुड्डा के प्रतिनिधि को लेकर भी उठे सवाल

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री और किलोई विधायक भूपेंद्र सिंह हुड्डा के प्रतिनिधि के पहुंचने पर भी विवाद हुआ। कुछ पार्षदों ने सवाल उठाया कि उन्हें बैठक में बैठने की अनुमति किस नियम के तहत दी गई है। इस पर परीक्षित देशवाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष होने के नाते हुड्डा अपना प्रतिनिधि भेज सकते हैं और नियमानुसार उन्हें बैठने दिया जाना चाहिए। भाजपा के पार्षदों ने इस पर विरोध जताया, लेकिन मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने प्रतिनिधि को बैठक में बैठने की अनुमति दे दी।

सड़कों पर 35 करोड़ होंगे खर्च

आयुक्त ने बताया कि शहर की सड़कों पर करीब 35 करोड़, पार्कों पर 10 करोड़ और शौचालयों पर 3.5 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। ड्रेन के कार्यों के लिए निगम के पास फंड है। करीब 64 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के एस्टीमेट सरकार को भेजे गए हैं। सड़कों के लिए अलग से 35 करोड़ रुपये के एस्टीमेट भी भेजे गए हैं। लगभग सौ करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। आयुक्त ने बताया कि करीब 33 करोड़ रुपये से हर वार्ड में 200 स्ट्रीट लाइट मिलेंगी। आयुक्त ने यह भी कहा कि उनका मकान प्रेम नगर में है। गाड़ी भी उनके मकान में नहीं जा सकती। फिर भी उन्होंने अपनी गली नहीं बनवाई। उन्होंने सोचा पहले शहर का विकास जरूरी है। रोहतक ने उन्हें बहुत दिया है। वह रोहतक का ऋण उतारना चाहते हैं।

कमिश्नर ने यूं समझाया बजट का गणित

बैठक में विकास कार्यों के बजट पर चर्चा के दौरान आयुक्त ने निगम की वित्तीय स्थिति का ब्योरा रखा। उन्होंने बताया कि स्टेट फाइनेंस कमीशन से मिलने वाली राशि से सात लाख रुपये अधिक खर्च हो चुके हैं। केंद्र से मिलने वाले बजट में करीब एक करोड़ और दूसरे बजट में करीब 26 करोड़ रुपये हैं। निगम के फंड में लगभग 68 करोड़ रुपये हैं, जबकि 71 करोड़ रुपये के काम बुक किए जा चुके हैं। आयुक्त के अनुसार, सरकार से चार किस्तों में करीब 16 करोड़ रुपये आने हैं। टैक्स आदि से लगभग 42 करोड़ रुपये की आय होने की उम्मीद है। उपलब्ध राशि और प्रस्तावित आय को ध्यान में रखते हुए हर वार्ड में करीब एक-एक करोड़ रुपये के काम करवाए जा सकते हैं। दस दिन के भीतर टेंडर लगवाकर काम शुरू करवाने का प्रयास किया जाएगा।

...तो एजेंडे क्यों मांगे?

पार्षद प्रवीण कौशिक ने बजट की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब नगर निगम के पास पर्याप्त फंड नहीं है तो पार्षदों से विकास कार्यों के एजेंडे क्यों मांगे गए। उन्होंने पहरावर में नगर निगम की गोशाला बनाने की मांग उठाई। उन्होंने पहरावर बाइपास पर चौराहा बनाने, नालों की सफाई का भुगतान रोकने और पौधरोपण अभियान चलाने की भी मांग की।

पार्षदों ने गिनवाईं अपने-अपने वार्डों की समस्याएं

■ वार्ड-14 की पार्षद कंचन खुराना ने सामुदायिक केंद्र में लगाए गए दर्जनों एसी गायब होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम के पैसों का दुरुपयोग हो रहा है, इसकी जांच होनी चाहिए।

■ मनोनीत पार्षद रमेश बोहर ने कहा कि उनके गांव में 15 साल से गली नहीं बनी थी, जिसे उन्होंने बनवाया, लेकिन अब वहां पानी की समस्या है।

■ पार्षद विजय गोयल ने कहा कि उनके वार्ड में आज भी गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है और शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही।

■ मनोनीत पार्षदों और चुने गए पार्षदों में भी मतभेद देखने को मिला। बोहर के रहने वाले कई पार्षद अपने एजेंडों पर विवाद करते नजर आए।

■ वार्ड दो की पार्षद आशा लता ने कहा कि उनका क्षेत्र कलानौर विधानसभा में आता है। बहुत समस्याएं हैं लेकिन आज तक कांग्रेस एमएलए शकुंतला खटक ने कभी आकर नहीं देखा और न ही काम करवाए। -संबंधित पैकेज पेज 10 पर

सुपरसकर खरीद पर सवाल

डिंपल जैन ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों में वार्डों के साथ भेदभाव किया गया है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 में 300 करोड़ रुपये का बजट रखा गया था, लेकिन किसी वार्ड में कई-कई करोड़ रुपये के काम हुए तो किसी को कम राशि मिली। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सुपर सकर मशीन खरीदनी थी तो नालों की सफाई का टेंडर क्यों दिया गया।

लाखनमाजरा में ट्रक की टक्कर लगने से सब्जी विक्रेता की मौत

रोहतक। लाखनमाजरा में देर रात ट्रक ने एक सब्जी विक्रेता को टक्कर मार दी। राहगीरों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, लाखनमाजरा निवासी रामबीर सब्जी बेचने का काम करता था। इसी काम से होने वाली आमदनी के सहारे वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। देर रात वह सड़क पर था, तभी एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटना से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू की। पुलिस ने मामले में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अब दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के साथ चालक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस हादसे से जुड़े तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई करेगी। हादसे के बाद परिवार में दुख का माहौल है। रोजी-रोटी कमाने वाले सदस्य की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

आगे चल रही गाड़ी में टकराई दूसरी कार, चालक की गई जान

रोहतक। लाखनमाजरा से रोहतक की तरफ जा रहे ईको कार चालक की सड़क हादसे में मौत हो गई। घड़ावठी मोड़ के पास भगवतीपुर के नजदीक आगे चल रही गाड़ी के अचानक ब्रेक लगाने से ईको कार उससे टकरा गई। हादसे में चालक राजेश सहित अन्य लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई ले जाया गया, जहां राजेश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के भाई की शिकायत पर लाखनमाजरा थाना पुलिस ने दूसरी गाड़ी के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जींद जिले के जुलाना निवासी धर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा भाई राजेश निजी ईको कार चलाता था। 21 अक्टूबर को शाम करीब 4:30 बजे वह लाखनमाजरा से रोहतक की ओर जा रहा था। जब वह घड़ावठी मोड़ के पास भगवतीपुर के नजदीक पहुंचा तो उसकी कार के आगे चल रही गाड़ी चालक ने कथित तौर पर लापरवाही से अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे राजेश की कार आगे चल रही गाड़ी से टकरा गई। शिकायत के अनुसार, टक्कर के कारण राजेश और दो-तीन अन्य लोगों को चोटें आईं। घायलों को उपचार के लिए पीजीआईएमएस रोहतक पहुंचाया गया, जहां राजेश की मौत हो गई। 22 अक्टूबर को पुलिस ने पीजीआई के ट्रामा सेंटर में पहुंचकर शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए और मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त कर केस दर्ज कर लिया।



22 वार्डों के पार्षदों ने सदन में उठाए विकास के मुद्दे

नगर निगम सदन की बैठक में सभी अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की

कहीं टूटे सीवर तो कहीं उखड़ीं सड़कों का दर्द

पार्षदों ने रखीं समस्याएं, पार्क, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और सामुदायिक भवनों के निर्माण और मरम्मत की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम सदन की बैठक में 22 वार्डों के पार्षदों ने अपने एजेंडे रखे। पार्षदों ने कहीं गंदे पेयजल और सीवर जाम की समस्या उठाई है तो कहीं टूटी सड़कों, अधूरी गलियों, खराब स्ट्रीट लाइट और बदहाल पार्कों की मरम्मत की मांग रखी है। कई वार्डों में सामुदायिक भवन, पुस्तकालय, व्यायामशाला, प्रवेश द्वार और सार्वजनिक शौचालय बनाने के प्रस्ताव भी रखे गए हैं। वार्ड 21 के पार्षद बीजे सिंह ने सबसे अधिक 50 से ज्यादा बिंदुओं पर विकास कार्यों की मांग उठाई है।

किस वार्ड के पार्षद ने क्या समस्याएं रखी और क्या उठाई मांगें





▶ **वार्ड 2 :** जींद रोड फ्लाईओवर की मरम्मत, सर्विस रोड पक्का करने, शिव कॉलोनी की 30 से 35 कच्ची गलियों के निर्माण, संजय कॉलोनी में पानी के कनेक्शन शुरू करने और करीब 300 स्ट्रीट लाइट लगाने व सीवर सफाई, पार्कों की चारदीवारी, झूलों और लाइटों की मरम्मत तथा जलभराव दूर करने के मुद्दे उठाए गए हैं।

▶ **वार्ड 3 :** वाल्मीकि चौक का सौंदर्यीकरण, पुरानी सब्जी मंडी में वाल्मीकि कम्युनिटी सेंटर का काम शुरू करने, अधूरी चौपाल पूरी करने, रामलीला पड़ाव में पुस्तकालय बनाने और पेयजल व सीवर व्यवस्था सुधारने की मांग रखी गई है। वार्ड की 20 से 25 टूटी गलियों के निर्माण का मुद्दा भी एजेंडे में है।

▶ **वार्ड 4:** नेहरू कॉलोनी में त्रिकोणीय पार्क की चारदीवारी और ओपन जिम, विभिन्न कॉलोनियों में प्रवेश द्वार, गौकर्ण पार्क का विकास तथा माता दरवाजा से झज्जर बाईपास तक नाले के पुनर्निर्माण की मांग की गई है। बुजुर्गों के लिए बैठक स्थल और झज्जर रोड तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भी है।

▶ **वार्ड 5:** श्मशान घाटों तक जाने वाले रास्तों का निर्माण, रामजोड़ी के पास बूस्टर वाले रास्ते को पक्का करने, डेयरी मोहल्ले के श्मशान घाट का काम करवाने और संत कबीर चौक व नानू राम चौक का सुधार करने की मांग की गई है।

▶ **वार्ड 6:** डेरावाल वीट से सीआईए स्टाफ और माता दरवाजा से सब्जी मंडी तक सड़क बनाने, शौचालयों के नवीनीकरण, गलियों व नालियों के निर्माण और गंदे पेयजल की समस्या दूर करने की मांग रखी गई है। किला रोड पर भव्य प्रवेश द्वार और राधे-राधे पार्क के दूसरे चरण का 24.95 लाख रुपये का लंबित कार्य भी उठाया गया है।

▶ **वार्ड 8:** सैनीपुरा, प्रेम नगर, आनंदपुरा और चुन्नीपुरा में टूटी गलियों के निर्माण, पुरानी सीवर व पेयजल पाइपलाइन बदलने तथा गंदे पानी की समस्या दूर करने की मांग की गई है। सुखपुरा में सामुदायिक केंद्र के विकास का मुद्दा भी शामिल है।

▶ **वार्ड 10:** बोहर-मलवान में सामुदायिक केंद्र, गांव में पार्क, मुख्य प्रवेश मार्ग को 33 फुट चौड़ा करने, आंगनवाड़ी और पिंक सुविधा केंद्र बनाने तथा बोहर-भोपान में नए जलघर की मांग रखी गई है।

▶ **वार्ड 11:** बलियाना गांव की टूटी गलियों, सीवर व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है। खेड़ी साध में शहीद लोकेश सिंधु के नाम से प्रवेश द्वार तथा बलियाना में स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव भी है।

▶ **वार्ड 12 :** सेक्टर-1 व सेक्टर-2 की टूटी सड़कों, पार्कों की चारदीवारी, झूलों और सामुदायिक केंद्रों की मरम्मत व सेक्टर-2 के 60 फुटा रोड पुनर्निर्माण व ग्रीन बेल्ट विकास का मुद्दा उठाया गया है।

▶ **वार्ड 14 :** नए बस अड्डे के सामने पंडित श्रीराम शर्मा पार्क के पास बने सामुदायिक केंद्र की बदहाली की उच्चस्तरीय जांच और मरम्मत की मांग की गई है। आवारा कुत्तों के लिए आश्रय, बंदरों की समस्या का समाधान, झंग कॉलोनी व नई चिड़ियाघर कॉलोनी में पार्क, लाल डोरा संपत्तियों के दस्तावेजों में देरी और 34 लाख के डस्टबिन खरीद मामले की जांच रिपोर्ट सदन में रखने की मांग की गई है।

▶ **वार्ड 15:** स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाइट, सामुदायिक केंद्रों की मरम्मत, पार्कों में शौचालय व ओपन जिम और साफ पेयजल के लिए नई पाइपलाइन की मांग की गई है। वार्डवार मरम्मत ठेके देने तथा बकेट मशीन से सीवर सफाई करवाने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

▶ **वार्ड 16:** पुरानी आईटीआई का डंपिंग स्टेशन हटाने, डीएलएफ कॉलोनी और रामनगर में सड़क निर्माण, पार्कों के सौंदर्यीकरण, अधूरी डिस्पेंसरी का काम पूरा करने तथा पानी व सीवर की लाइनें सुधारने की मांग की गई है। स्पीड ब्रेकर व फोर्टिंग का मुद्दा भी है।

▶ **वार्ड 17 :** पुरानी अनाज मंडी की सड़कें बनाने, आय नगर की मुख्य सड़क सुधारने, माल गोदाम रोड की जलनिकासी ठीक करने और हुडा कॉम्प्लेक्स में सफाई का ठेका लगाने की मांग की गई है।

▶ **वार्ड 18:** नामदेव चौक का सौंदर्यीकरण, कच्चा बेरी रोड फ्लाईओवर पर संत नामदेव का बोर्ड और मिलन पार्क में सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग की गई है।

▶ **वार्ड 21 :** एकता कॉलोनी, अंबेडकर कॉलोनी, राजीव नगर, ग्रीन पार्क, शीतल नगर, कन्हेली और पहरावर में सड़क, सीवर, पेयजल व स्ट्रीट लाइट से जुड़े कई प्रस्ताव रखे। पार्क, पुस्तकालय, व्यायामशाला, डिस्पेंसरी, खेल मैदान, चौपाल व बस क्यू शेल्टर बनाने की मांग भी है। कन्हेली रोड पर रेलवे ओवरब्रिज, वार्ड के लिए 500 लाइटें, 200 बेंच और सीवर सफाई का मुद्दा भी एजेंडे में शामिल है।

▶ **वार्ड 22 :** सुनारियां खुर्द में कच्ची गलियों को पक्का करने, जलघर की व्यवस्था सुधारने और गांव के रास्तों का निर्माण करवाने की मांग रखी गई है।

पंजाबी सभा करेगी सामुदायिक केंद्र का संचालन

पंजाबी विकास सभा के प्रधान अनिल भाटिया की तरफ से निगम आयुक्त को पत्र लिखा गया था। जिसमें सेक्टर-2 स्थित सामुदायिक केंद्र का संचालन व रखरखाव पंजाबी विकास सभा को सौंपने की मांग की गई थी। हाउस में यह प्रस्ताव भी पास कर दिया गया है। जिसके बाद आसपास के लोगों को किसी भी सामाजिक आयोजन के लिए सामुदायिक केंद्र की जगह आसानी से उपलब्ध हो जाएगी।

निगम कार्यालय के प्रस्ताव भी एजेंडे में

निगम कार्यालय की ओर से रेलवे रोड पर सेठ मनसा राम मार्ग का बोर्ड लगाने, गुरुचरणपुरा कॉलोनी की गली में भारी वाहनों को रोकने के लिए पोल लगवाने और वार्ड 21 की कई कॉलोनियों के लिए पार्क बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप शहर के किसी चौक का नाम स्वामी तुलसीदास के नाम पर रखने का विषय भी शामिल है।

सपने देखना सफलता की पहली सीढ़ी : अनिल



बच्चों से मानसिक बाधाओं पर की चर्चा

सत्र के दौरान मानसिक बाधाओं पर चर्चा करते हुए अनिल मलिक ने असफलता के डर, आत्म-संदेह और अनावश्यक दबाव जैसी चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने नकारात्मक विचारों से निपटने के लिए कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी के सिद्धांतों और 'डाउनवर्ड एरो' तकनीक की उपयोगिता बताई, जिससे डर का मूल्यांकन तथ्यों के आधार पर किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सलिल मेहता ने कहा कि मनोवैज्ञानिक मार्गदर्शन और आत्मविश्वास से किशोरों का व्यक्तित्व विकास होता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केंद्रों के तत्वावधान में सिंहपुरा स्थित बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में किशोर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार का विषय 'सपने से लक्ष्य तक पहुंचने के रास्तेः मानसिक बाधाओं को तोड़ने के व्यावहारिक सुझाव' रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सपने देखना सफलता की पहली सीढ़ी है, लेकिन उन्हें वास्तविकता में बदलने के लिए स्पष्ट व व्यावहारिक लक्ष्य तय करना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी।

एमडीयू में छात्रों को सिखाए इंटरव्यू के गुर

■ मंच का संचालन पीएचडी शोधार्थी अमन कुमारी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि संवाद कौशल, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। इसी उद्देश्य के साथ महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहयोग से एक सप्ताह की कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन शुरू किया गया है। कार्यशाला के पहले दिन विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक ने मुख्य विशेषज्ञ विनीत (नंदी फाउंडेशन) का स्वागत किया। उन्होंने प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान का विशेष आभार व्यक्त किया। विशेषज्ञ विनीत ने इंटरैक्टिव गतिविधियों, परिचय सत्रों और आत्मविश्लेषण के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और आत्मविश्वास बढ़ाने के व्यावहारिक तरीके सिखाए। इसके अलावा सत्र में समय प्रबंधन, सॉफ्ट स्किल्स और इंटरव्यू की बेहतरीन तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला का समन्वयन डॉ. अनुराधा और सुश्री आशु द्वारा किया जा रहा है, जबकि मंच संचालन पीएचडी शोधार्थी अमन कुमारी ने किया।

न्यूज डायरी

पराली जलाने की घटनाओं को रोकें किसानों को दें जानकारीः एसडीएम

रोहतक। फसल अवशेष प्रबंधन के तहत पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से सांपला की उपमंडलाधीश (एसडीएम) अंकिता पुवार ने गांव स्तर पर गठित टीमों के साथ बैठक की। बैठक में सरपंचों, पटवारियों, ग्राम सचिवों और कृषि विभाग के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में नियमित निगरानी रखें और किसानों को फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण और मिट्टी की उर्वरता को नुकसान पहुंचता है। कृषि विभाग के कर्मचारी किसानों को आधुनिक तकनीकों और कृषि यंत्रों से पराली का निस्तारण करने की जानकारी दें। सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करें।



एमडीयू के एचकेआरएन कर्मचारियों ने ओएसडी डॉ. रवि प्रभात को सौंपा ज्ञापन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कुलपति के नाम ज्ञापन उनके ओएसडी डॉ. रवि प्रभात को सौंपा। कर्मचारियों ने बकाया वेतन जारी करने, वेतन बढ़ाने, नियमितीकरण, स्वास्थ्य बीमा और अन्य सुविधाएं देने सहित 17 मांगें उठाई हैं। कर्मचारियों ने बताया कि कुछ कर्मियों को पिछले तीन से चार महीने से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मियों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने, पांच वर्ष से अधिक सेवा वालों को समान काम-समान वेतन तथा दस वर्ष से अधिक सेवा पूरा कर चुके कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की। इसके अलावा, पांच दिवसीय कार्यप्रणाली के तहत अवकाश, कम से कम 20 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, त्योहारों पर बोनस, एलटीसी, बच्चों की फीस में छूट और आवास की सुविधा देने की भी मांग की गई है।

विश्वविद्यालय में वर्षों से एक हजार से अधिक कर्मी कर रहे नौकरी



एचएफयूसीटीओ 13 नवंबर को एमडीयू में देगा धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हरियाणा फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन (एचएफयूसीटीओ) की बैठक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विभिन्न मांगों को लेकर 13 नवंबर 2026 को दोपहर 2 से 4 बजे तक एमडीयू टीचर्स एसोसिएशन कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद कुलपति के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा जाएगा। प्रमुख मांगों में 17 अगस्त 2026 को वित्त विभाग द्वारा रिक्त पदों को समाप्त करने संबंधी जारी पत्र को वापस लेने, 96 सहायता प्राप्त कॉलेजों के कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार मकान किराया भत्ता और चिकित्सा प्रतिपूर्ति देने, तथा ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू करने जैसी मांगें शामिल हैं। बैठक में ऑल इंडिया फेडरेशन के उपाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र चाहर, महासचिव दयानंद मलिक, एमडीयू टीचर्स एसोसिएशन के प्रधान डॉ. प्रदीप गहलोत, डॉ. महेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र वशिष्ठ और डॉ. गोल्डी पुरी उपस्थित रहे।

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन से पहले निकाली शोभायात्रा

रोहतक। सर्वजनिन दुर्गा उत्सव मंडल रेलवे रोड की ओर से विजयदशमी के अवसर पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। बंगाली समुदाय के लोगों ने रेलवे रोड से यात्रा शुरू कर भिवानी स्टैंड तक पहुंचाई। इसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विधिवत विसर्जन के लिए ले जाया गया। रेलवे रोड पर आयोजित दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं ने पुष्प, मिष्ठान और मंत्रोच्चारण के साथ मां की स्तुति की। दीप प्रज्ज्वलन और शंख ध्वनि के बीच आरती की गई। इस दौरान सुहागन महिलाओं ने पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म निभाई और एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना की।



जिला बाल कल्याण परिषद की बाल दिवस प्रतियोगिताएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में जिला बाल कल्याण परिषद रोहतक द्वारा बाल दिवस प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। ये प्रतियोगिताएं 22, 23, 27 और 28 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (भिवानी) के विशेष अधिकारी समरवीर सिंह, मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी अनिल मलिक, जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खुंडिया और अशोक शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पहले दिन विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, समूह गायन, एकल नृत्य, एकल गायन, क्विज, लेखन, क्ले मॉडलिंग और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में भाग लिया। आगामी 23, 27 और 28 अक्टूबर को भी निर्धारित कार्यक्रमानुसार अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

प्रदूषण नियंत्रण और फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर एसडीएम रोहतक ने थी समीक्षा बुलाई

एसडीएम की बैठक में नहीं पहुंचे ग्राम सचिवों को नोटिस देने की तैयारी

शहर की हवा चिंताजनक

इसके विपरीत, रोहतक शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 182 दर्ज किया गया, जो शहर में प्रदूषण के गंभीर और चिंताजनक स्तर को उजागर करता है। शहर की हवा अत्यधिक खराब होने के बावजूद, प्रशासन गांवों में ही दौड़-धूप करने और बैठक से अनुपस्थित ग्राम सचिवों पर कार्रवाई करने में जुटा हुआ है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब गांवों में प्रदूषण की समस्या नहीं है, तब भी प्रशासनिक तंत्र का पूरा जोर वहीं क्यों लगा हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक तरफ जहां ग्रामीण इलाकों में वायु प्रदूषण न के बराबर दर्ज किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन का पूरा ध्यान ग्रामीण क्षेत्रों पर ही केंद्रित बना हुआ है। हाल ही में प्रदूषण नियंत्रण और फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर एसडीएम रोहतक द्वारा बुलाई गई समीक्षा बैठक से गैरहाजिर रहे ग्राम सचिवों को प्रशासन अब कारण बताओ नोटिस जारी करने की तैयारी कर रहा है। प्रशासन ग्राम सचिवों से गांवों में किसान पराली न जलाएं, इसको लेकर जागरूकता फैलाना चाहता है। इसलिए उन्हे मीटिंग में बुलाया गया था। ग्रामीण क्षेत्रों की हवा शहर की तुलना में काफी स्वच्छ पाई गई है। गत 21 अक्टूबर को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा मदीना कोरसान और निंदाना गांव में लगाए गए सेंसर की रिपोर्ट के अनुसार, मदीना में पीएम 2.5 की मात्रा मात्र 14 और निंदाना में 21 दर्ज की गई, जो बहुत बेहतर स्थिति को दर्शाती है।

ट्रक व बस मालिक परिवर्तन योजना में पंजीकरण कराकर लाभ उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बीएस-1, 2 व 3 श्रेणी के वाहन जब्त होंगे



डीसी ने स्पष्ट किया कि सड़क पर पाए जाने वाले बीएस-1, बीएस-2 और बीएस-3 श्रेणी के पुराने वाणिज्यिक वाहनों को जब्त कर स्क्रैपिंग केंद्र भेजा जाएगा। वहीं बीएस-4 श्रेणी के वाहन मालिक अपने वाहन एनसीआर से बाहर बेच सकते हैं या परिवर्तन पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। योजना की पात्रता व पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल या आरटीए कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

उपायुक्त सतबीर सिंह ने चिन्हित वाणिज्यिक वाहनों (ट्रक व बस) के मालिकों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए शुरू की गई परिवर्तन योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि एनसीआर में अब तक 30 हजार से अधिक और रोहतक जिले में 922 चिन्हित वाहनों का पंजीकरण हो चुका है, जबकि शेष 3,378 वाहन मालिक भी इस योजना से जुड़ सकते हैं। डीसी ने कहा कि चिन्हित वाहन मालिक पुराने वाहनों के स्थान पर बीएस-6 या इलेक्ट्रिक वाहन अपनाकर प्रधानमंत्री के क्लीन एनर्जी और क्लीन मोबिलिटी संकल्प में योगदान दें। नए वाहन की खरीद या स्क्रैपिंग पर 10 लाख तक के लाभ का प्रावधान है। इसमें मोटर वाहन कर में छूट, नए वाहन के ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज सहायता और निर्माताओं की ओर से 8 प्रतिशत तक की छूट शामिल है।

नेकी राम कॉलेज के भूगोल विभाग के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

रोहतक। पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र सांगवान ने एम.ए. भूगोल द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर हिमाचल प्रदेश के शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया। भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. गुलशन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण में डॉ. जगमोहन अहलावत एवं डॉ. सुनीता विद्यार्थियों का नेतृत्व कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान छात्रों को पर्वतीय भूगोल, जलवायु तथा प्राकृतिक पर्यावरण का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। प्राचार्य ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कक्षा की पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव बेहद जरूरी है।

किसानों को खाद के साथ अन्य उत्पाद थोपने पर रद्द किए जाएंगे लाइसेंस

रोहतक। किसानों को खाद के साथ दूसरे कृषि रसायन या उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर करने वाले दुकानदारों के लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं। प्रशासन ने खाद विक्रेताओं, डीलरों और वितरकों को किसानों पर अनावश्यक उत्पाद खरीदने का दबाव नहीं बनाने की सख्त हिदायत दी है। खाद बिक्री में किसानों को आ रही परेशानियों और जबरन दूसरे उत्पाद थोपने की शिकायतों को लेकर प्रशासन ने यह कदम उठाया है। उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य किया गया है। कृषि विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि शिकायतों की जांच कर दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक ने बताया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य किसानों को खाद खरीदने के दौरान अनावश्यक आर्थिक बोझ से बचाना और उन्हें बिना किसी दबाव के सुगमता से कृषि सामग्री उपलब्ध करवाना है। प्रशासन ने किसानों से भी अपील की है कि यदि उन्हें ऐसी किसी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वे तुरंत संबंधित विभाग में अपनी शिकायत दर्ज करवाएं, ताकि उचित कदम उठाए जा सकें।

प्रशासन ने खाद विक्रेताओं, डीलरों व वितरकों को दीं सख्त हिदायतें

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जेजेपी प्रदेश कार्यालय पहुंचे

रोहतक। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला गुरुवार को जेजेपी प्रदेश कार्यालय रोहतक में पहुंचे, उनके साथ में जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लतानी मौजूद थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा जननायक जनता पार्टी का 9 वां स्थापना दिवस आगामी 6 दिसंबर को महेंद्रगढ़ में मनाया जाएगा। उन्होंने रैली की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली। आगामी रैली की तैयारियों के संबंध में प्रदेश कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में रैली को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।इस दौरान रैली के सफल आयोजन, संगठनात्मक समन्वय एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला प्रभारियों की नियुक्ति को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

वैश्विक खाद्य संकट से निपटने, स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने और स्वदेशी मेले लगाने पर चर्चा

स्त्री शक्ति संगठन की बैठक में स्वदेशी से स्वावलंबन पर दिया जोर, महिला रोजगार के लिए बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



दशहरे के उपलक्ष्य में स्त्री शक्ति संगठन की ओर से डबल पार्क स्थित पुस्तकालय में बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता संगठन सदस्य एवं निजी विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन शर्मा ने की, जबकि सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी अर्चना कोचर मुख्य अतिथि रहीं। बैठक का संचालन संगठन अध्यक्ष ममता ने किया और प्रबंधन युधिष्ठिर लाल असीजा ने संभाला। शुभारंभ सुमन शर्मा और साहित्यकार कृष्ण लाल गिरधर की वंदना से हुआ। बैठक में वैश्विक खाद्य संकट से निपटने और महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग, स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने तथा सरकारी प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुखी वित्त योजनाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेले और हस्तशिल्प प्रदर्शनियां आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। संगठन ने 'स्वदेशी से स्वावलंबन भारत यात्रा' की रूपरेखा तैयार की। यात्रा को उत्तर, पश्चिम, दक्षिण और पूर्व भारत के चार चरणों में आयोजित करने की योजना है। पहले चरण की शुरुआत उत्तराखंड से की जाएगी। अंत में सुमन शर्मा ने बैठक की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए सभी का आभार जताया।

ये रहे मौजूद

बैठक में संरक्षक अनूप कुमार बंसल 'मधुकांत', सुषमा जोशी, ब्रह्माकुमारी सीमा, कृष्ण लाल गिरधर, पीआरओ पवन गहलोत और विवेकानंद केंद्र से सुनीता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिन चले मुकाबले

राज्य स्तरीय जंप रोप प्रतियोगिता में रोहतक बना ओवरऑल चैंपियन

पैरा आर्चरी एशियाई पदक विजेता नवीन दलाल ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

एमेच्योर रोप स्किपिंग हरियाणा के बैनर तले हुई प्रतियोगिता में **254** खिलाड़ियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 21 और 22 अक्टूबर को आयोजित हरियाणा स्टेट जंप रोप प्रतियोगिता 2026-27 में रोहतक ने ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

एमेच्योर रोप स्किपिंग हरियाणा के बैनर तले हुई प्रतियोगिता में प्रदेश के 254 खिलाड़ियों ने भाग लिया। रोहतक प्रथम, झज्जर द्वितीय और पानीपत तृतीय स्थान पर रहा। संघ के महासचिव अधिवक्ता सुनील वशिष्ठ ने बताया कि विजेता खिलाड़ी 27 से 30 नवंबर तक शिर्डी, महाराष्ट्र में होने वाली 18वीं राष्ट्रीय जंप रोप प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। शुभारंभ समाजसेवी काला गांधरा और स्कूल निदेशक अशोक दलाल ने किया। समापन पर पैरा आर्चरी एशियाई पदक विजेता नवीन दलाल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विभिन्न आयु वर्गों में रोहतक के खिलाड़ियों ने कई पदक जीते। निर्णायक मंडल में हरवीर राठी, सुषमा दलाल, पारस, निधि सिंधु, दीपक और मोहित राठी शामिल रहे।



रोहतक। सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मौजूद विजेता खिलाड़ी व आयोजक। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खिलाड़ी कृष्णमूर्ति हुड्डा व नीलम विश्वविद्यालय, कैथल के चेयरमैन डॉ. प्रदीप चहल। फोटो : हरिभूमि

बॉक्सिंग में मंदीशा ने सिल्वर, आरजू ने ब्रॉन्ज जीता



रोहतक। केवीएम पब्लिक स्कूल की छात्राओं मंदीशा और आरजू ने सीबीएसई नेशनल अंडर-17 गर्ल्स बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कैथल में 15 से 20 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। मंदीशा ने 54 से 57 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि आरजू ने 42 किलोग्राम से कम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मीना कौशिक ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन और स्टाफ ने छात्राओं की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एमडीयू की इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में 17 टीमें दिखाएंगी दम

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सरदार वल्लभभाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को इंटर-कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें 17 कॉलेजों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। पूर्व मंत्री एवं पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खिलाड़ी कृष्णमूर्ति हुड्डा ने बतौर मुख्य अतिथि इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। नीलम विश्वविद्यालय, कैथल के चेयरमैन डॉ. प्रदीप चहल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कृष्णमूर्ति हुड्डा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा खेल प्रतिभाओं की भूमि है और मेहनत व अनुशासन से सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलों को अपनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप चहल ने एमडीयू की खेल संस्कृति की सराहना की। निदेशक खेल कुलताज सिंह ने बताया कि कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं।उद्घाटन अवसर पर सहायक निदेशक खेल डॉ. विपिन सैनी, क्रिकेट कोच मुकेश गोयल, एथलेटिक कोच डॉ. रमेश सिंधु, भैरवदत्त, राजकुमार शर्मा, नरेंद्र शीलक सहित विभिन्न टीमों के खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

ताइक्वांडो में कृति ने जीता रजत पदक



रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में मौजूद विजेता कृति व अन्य।

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल की छात्रा कृति ने 17 और 18 अक्टूबर को अंबाला में आयोजित 38वीं हरियाणा स्टेट जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स क्योरुगी एवं ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। कृति ने रजत पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्थानों से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कृति ने अपनी मेहनत, संतुलन और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन कर निर्णायकों को प्रभावित किया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबंधन समिति और प्रधानाचार्य आर.के. खन्ना ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता नियमित अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विद्यालय परिवार, अभिभावकों और सहपाठियों ने भी कृति की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

न्यूज डायरी



गायन में ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल की छात्राएं प्रथम

रोहतक। भारत विकास परिषद की गायन प्रतियोगिता 2026-27 में ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, करौर की छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। छात्राओं ने अपनी मधुर आवाज और शानदार प्रस्तुति से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। विजेता टीम में सातवीं कक्षा की रिम्शा, देविका और प्रियांशी, छठी कक्षा की नेहा और यशिका, आठवीं कक्षा की आकांक्षा तथा नौवीं कक्षा की पारुल, जानवी और परीक्षा शामिल रहीं। छात्राओं को संगीत शिक्षिका बुलबुल ने प्रशिक्षण दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक ईश्वर सिंह शास्त्री ने विजेता छात्राओं और शिक्षिका को बधाई दी।



वुशु खिलाड़ी जतिन ने स्कूल नेशनल में जीता कांस्य

महम। महम के भराण रोड स्थित द रॉयल ग्रुप ऑफ स्कूल्स के खिलाड़ी जतिन पुत्र राजकुमार ने वुशु की राष्ट्रीय स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित की गई थी। जतिन ने यह उपलब्धि 70वें स्कूल नेशनल गेम्स के 45 किलोग्राम भारवर्ग में हासिल की है। इस उपलब्धि पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने पदक विजेता खिलाड़ी और उसके परिजनों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा हमारे बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं, यह पूरे महम क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। स्कूल के डीपीई एवं वुशु कोच जितेन्द्र दहिया ने बताया कि सभी बच्चों ने दिन-रात कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और निरंतर अभ्यास से ही यह सफलता मिली है और भविष्य में ये बच्चे ओलंपिक तक जाएंगे। स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई है।



जनसमस्याओं का समाधान ही पहली प्राथमिकता

रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लघु सचिवालय समागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अधिकारियों ने संपत्ति पहचान पत्र, परिवार पहचान पत्र, पेंशन, राशन कार्ड, बिजली-पानी, राजस्व, नगर निगम और पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतें सुनीं। डीसी सतबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर और समयबद्ध तरीके से निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम आशीष कुमार, आरटीए सचिव वीरेंद्र ढुल, नगराधीश शुभम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



शिविर में 150 लोगों ने कमाया रक्तदान का पुण्य

महम। जनसेवा समिति की ओर से समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं नगर पालिका महम के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर के 70वें जन्मदिवस पर महम नगर पालिका कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया। जनसेवा समिति का यह 181वां रक्तदान शिविर था। इस शिविर में 150 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इलाके के गणमान्य लोगों ने इस रक्तदान शिविर में पहुंचकर बसंत लाल गिरधर को जन्म दिन की बधाई दी और उनके द्वारा समय समय पर लगाए जा रहे रक्तदान शिविरों के आयोजन के लिए उनकी सराहना की। बसंत लाल गिरधर ने कहा कि रक्तदान पुण्य का कार्य है। रक्तदाताओं द्वारा दान किया गया रक्त किसी की जान बचा सकता है। इस अवसर पर नगर पालिका प्रधान भारती पंवार, मास्टर रमेश गिरधर, पार्षद विकास श्योराण, सुनील पूनिया, संजय शर्मा, मास्टर कर्मवीर सिंह, रमेश गिरधर, मुनीष खुराना, राजेश धींगड़ा, राकेश शर्मा, अनिल चावरिया, विजय शर्मा, इंद्रजीत सिंह, मदन लाल हांसी वाले, दीपक परुथी, रीना, अजीत अहलावत, संदीप नहरा, नरेश चेयरमैन, कृष्ण सिवाच आदि मौजूद रहे।



जनस्वास्थ्य विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला शुरू

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज (यूआईपीएचएस) में एपिडेमियोलॉजिकल डेटा एनालिसिस विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को जन स्वास्थ्य अनुसंधान और आंकड़ों के विश्लेषण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रो. राजेश कुमार और इसी विभाग की पूर्व प्रोफेसर प्रो. मनमीत कौर विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। दोनों यूआईपीएचएस में एडजंक्ट फैकल्टी हैं। कार्यशाला में बीपीएचएस के पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अमेरिकी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के निःशुल्क जनस्वास्थ्य सॉफ्टवेयर ईपीआई इन्फो के माध्यम से कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, प्रो. मनमीत कौर के मार्गदर्शन में प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने समूहों में अपने व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक लक्ष्यों तथा पसंदीदा और कम पसंदीदा विषयों पर चार्ट तैयार कर प्रस्तुत किए।



बीएमयू में फ्लेमलेस कुकिंग प्रतियोगिता, प्राची प्रथम

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विवि में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर विज्ञान संकाय के गृह विज्ञान विभाग की ओर से फ्लेमलेस कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। 'आज नया करें, कल नया करें' थीम के तहत विद्यार्थियों ने बिना आंच के पौष्टिक और रचनात्मक व्यंजन तैयार किए। कुलपति प्रो. बी.एम. यादव ने संतुलित आहार, स्थानीय खाद्य पदार्थों के इस्तेमाल और भोजन की बर्बादी रोकने पर जोर दिया। आयोजन सचिव डॉ. एकता ने पौष्टिक भोजन और खाद्य संसाधनों के उचित उपयोग की जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्राची ने प्रथम, प्रियंका ने द्वितीय और प्राची सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. मनोज वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

सूचना

मैं, दलबीर सुपुत्र श्री गिरधोला निवासी जे.पी. कॉलोनी, हिसार रोड, रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सोनू व पुत्रवधू अंजली मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एमडीयू के सांख्यिकी विभाग में 7 दिवसीय प्रशिक्षण हुआ शुरू



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सांख्यिकी एवं डेटा विज्ञान विभाग में सीसीपीसी द्वारा महिंद्रा प्राइड क्लासरूम और नंदी फाउंडेशन, हैदराबाद के सहयोग से एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 'एम्प्लॉयबिलिटी एनहांसमेंट स्किल्स' विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल को निखारना और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन गणितीय एवं कंप्यूटर विज्ञान संकाय के डीन एवं सांख्यिकी विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार ने किया। विवि के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रभावी संवाद कौशल, व्यक्तित्व विकास और साक्षात्कार की तैयारी के महत्व पर जोर दिया। महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के विशेषज्ञ एवं ट्रेनर डॉ. संदीप सुनेजा ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अजय शर्मा और डॉ. विपिन बाला कर रहे हैं। प्रो. राजीव कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

एमडीयू में एनएसएस नेशनल इंटीग्रेशन कैंप में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के दौरान कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ और प्रतिष्ठित उद्यमी एवं समाजसेवी राजेश जैन ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस पहल के माध्यम से स्वयंसेवकों को हरित पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल संस्थागत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। युवाओं को पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल और उनके संरक्षण का संकल्प भी लेना चाहिए। एनएसएस जैसे मंच विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



रोहतक। पौधरोपण करते कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां व प्रतिष्ठित उद्यमी राजेश जैन।

प्रकृति का संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए जरूरी

उद्यमी राजेश जैन ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण को एक जन आंदोलन बनाने और अपने दैनिक जीवन में हरित आदतों को अपनाने का आह्वान किया। यहां अधिष्ठाता प्रो. रणदीप राणा, एनएसएस समन्वयक प्रो. सविता राठी, प्रो. सुरेंद्र सिंह यादव, प्रो. दिव्या मल्हान, प्रो. प्रतिमा देवी, डॉ. रवि प्रभात और सुनित मुखर्जी आदि मौजूद रहे।



सुपवा में छात्रों ने कार्यशाला में सीखा कलाकृतियों में रंग भरने का हुनर

रोहतक। किसी दृश्य को देखना और उसकी खूबसूरती को समझना दो अलग-अलग बातें हैं। एक कलाकार की नजर वहीं तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह रंगों, रेखाओं, आकृतियों और भावों में छिपे अर्थों को भी पहचानता है। इसी कलात्मक दृष्टि को विकसित करने के उद्देश्य से दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) में गुरुवार को दो दिवसीय वर्कशॉप शुरू हुई। देखना, पढ़ना और चित्र बनाना विषय पर आयोजित वर्कशॉप में नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट्स के असिस्टेंट क्यूरेटर अर्घा कमल गांगुली छात्रों को कला की बारीकियां समझा रहे हैं। इसका उद्देश्य विजुअल आर्ट्स के फाउंडेशन छात्रों की अवलोकन क्षमता, कल्पनाशक्ति और चित्रांकन कौशल को बेहतर बनाना है। विजुअल आर्ट्स फैकल्टी के एफसी विनय कुमार ने बताया कि छात्रों को सिखाया जा रहा है कि चित्र बनाना केवल किसी वस्तु या दृश्य की नकल करना नहीं, बल्कि उसके स्वरूप, रंग, बनावट और संदर्भ को समझकर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति देना भी है।

एमडीयू में राष्ट्रीय एकता शिविर के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

रोहतक। एमडीयू में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के दूसरे दिन शैक्षणिक सत्रों, प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार किया गया। 'एक राष्ट्र, अनेक संस्कृतियां, अटूट बंधन' थीम पर आयोजित इस शिविर में विभिन्न राज्यों से आए स्वयंसेवकों ने अपनी प्रतिभा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने बताया कि यह शिविर विभिन्न राज्यों के युवाओं को एक-दूसरे की भाषा, संस्कृति और परंपराओं को समझने का अवसर देता है। सत्र में एनएसएस के संस्थापक स्वयंसेवक कृष्ण कुमार गुप्ता ने निःस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. कृष्ण पाल महलवार व डॉ. स्वाति, डॉ. अनिल कुमार तथा जनसंपर्क अधिकारी पंकज जैन ने भागीदारी निभाई।विशिष्ट अतिथि के रूप में आकाशवाणी के सेवानिवृत्त स्टेशन निदेशक डॉ. कैलाश चंद्र वर्मा और विकास रोहिल्ला की सहभागिता रही।

वैश्य महिला कॉलेज में फाइन आर्ट्स क्लब ने कराईं प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य महिला महाविद्यालय के फाइन आर्ट्स क्लब द्वारा छात्राओं की प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें रंगोली, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग और स्केचिंग शामिल रहीं, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या डॉ. रश्मि गुप्ता ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ कलात्मक प्रतिभा को निखारना व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास के लिए जरूरी है। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका डॉ. वैशाली गुप्ता और डॉ. श्वेता गुप्ता ने निभाई।



प्रतियोगिताओं के परिणाम

मेहंदी: वंशिका (प्रथम), सानिया (द्वितीय), ईशा व पूर्वा (तृतीय)। **रंगोली:** वंशिका (प्रथम)। **पोस्टर मेकिंग:** मुस्कान (प्रथम), दीपाली (द्वितीय)। **पेंटिंग:** इंदु (प्रथम), प्रियांशी (द्वितीय)। **बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट:** अवनी (प्रथम)। कार्यक्रम का सफल आयोजन क्लब कन्वीनर डॉ. परमिंदर कौर, श्रीमती किरण, डॉ. ममता जैन और मंजू के निर्देशन में हुआ। महाविद्यालय प्रबंधन ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आईसीएमआर-डीएचआर के 5 वैज्ञानिक दो दिन पीजीआई में देंगे व्याख्यान, डेंटल ऑडिटोरियम में कार्यक्रम

उत्कृष्ट शोधकर्ता तैयार करने पर जोर : डॉ. एचके अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल के मुख्य संरक्षकत्व में पीजीआईएमएस की मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट (एमआरयू) द्वारा 23 एवं 24 अक्टूबर को दो दिवसीय अनुसंधान पद्धति कार्यशाला एवं रिसर्च डे समारोह-2026 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन डेंटल ऑडिटोरियम, पीजीआईडीएस में प्रातः 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक किया जाएगा। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि पीजीआईएमएस का लक्ष्य केवल बेहतरीन चिकित्सक तैयार करना ही नहीं, बल्कि उत्कृष्ट शोधकर्ता तैयार करना भी है। अनुसंधान ही किसी चिकित्सा संस्थान की वास्तविक प्रगति का पैमाना है। उन्होंने कहा कि मुझे हर्ष है कि हमारी एमआरयू यूनिट लगातार इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है।

आयोजन सचिव एवं एमआरयू के नोडल अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) के सहयोग से स्थापित एमआरयू शिक्षकों व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को क्लिनिकल प्रश्नों को सुव्यवस्थित अध्ययनों में बदलने में सहायता करती है तथा विभिन्न विभागों को आपसी सहयोग और सुविधाओं के साझा उपयोग का एक साझा मंच प्रदान करती है।

डॉ. संजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष की कार्यशाला पीजीआईएमएस की एमआरयू के लिए एक बड़ी उपलब्धि लेकर आई है। पहली बार भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) तथा डीएचआर, नई दिल्ली के पाँच प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एक साथ इस कार्यशाला में भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में एम्स, नई दिल्ली के डॉ. आर. एम. पांडेय आईसीएमआर, नई दिल्ली के डॉ. आशू ग्रोवर, डॉ. तनु आनंद एवं डॉ. गिरिधरन एस डीएचआर, नई दिल्ली की डॉ. दीपिका तथा अश्विनी रूरल मेडिकल कॉलेज, सोलापुर के डॉ. सचिन मुम्बारे विशेषज्ञ वक्ता के रूप में शामिल होंगे।



रोहतक। डॉ. संजय कुमार व डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एमजी वशिष्ठ।

डायग्नोस्टिक स्टडीज, इम्प्लीमेंटेशन रिसर्च की दी जानकारी

आयोजन अध्यक्ष एवं डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एमजी वशिष्ठ ने बताया कि यह कार्यशाला विशेष रूप से विद्यार्थियों व शिक्षकों के अनुसंधान कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तैयार की गई है - सही प्रश्न तय करने से लेकर सही डिजाइन और विश्लेषण चुनने तक। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए हरियाणा मेडिकल काउंसिल द्वारा 8 क्रेडिट घंटे निर्धारित किए गए हैं और इसमें उत्तर भारत के 8 राज्यों से लगभग 200 शिक्षक, रेजिडेंट डॉक्टर एवं शोधकर्ता भाग ले रहे हैं। डॉ. एम जी वशिष्ठ ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में अनुसंधान प्रश्न तैयार करना, उपयुक्त अध्ययन डिजाइन का चयन, सैंपल साइज निर्धारण, सांख्यिकीय विधियों का उपयोग, क्लिनिकल ट्रायल का विश्लेषण, डायग्नोस्टिक स्टडीज, इम्प्लीमेंटेशन रिसर्च तथा अनुसंधान अनुदान प्रस्ताव तैयार करने जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक जानकारी दी।

खबर संक्षेप

मकान से लाखों रुपये के अवैध पटाखे बरामद

सांपला। पुलिस ने बुधवार को कस्बे में एक मकान से लाखों रुपए के पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने बिहार निवासी देव के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि पुलिस की गाड़ी नेशनल हाईवे वसुंधरा ढाबे के पास गस्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि सांपला में सुधीर उर्फ बल्लू के मकान में अवैध रूप से पटाखे बेचे जा रहे हैं। टीम ने मकान पर छापा मारा और कमरों की तलाशी ली। तो एक कमरे में काफी मात्रा में काफी पटाखे मिले। मौके पर पुलिस ने देव को पकड़ लिया।

गांव गिझी तालाब में मिला बुजुर्ग का शव

सांपला। खंड के गांव गिझी में गुरुवार को तालाब में एक बुजुर्ग का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है मंगलवार की शाम को करीब 72 वर्षीय राजेन्द्र स्टेडियम की तरफ़ सैर करने गया था। वह वापिस नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने कई जगह तलाश किया। उनके बारे में कहीं पता नहीं चला। गुरुवार को उसका शव तालाब में मिला। लोगों ने शव को तालाब से बाहर निकाला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया।

गोलीकांड में 14 हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज

सांपला। पुलिस ने बहादुरगढ़ निवासी मोहित पुत्र अजय को गोली व लाठी व फरसे से हमला करने वाले करीब 14 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अजय ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसका बेटा मोहित चंडीगढ़ में सेल्फ ड्राइविंग का कार्य कर रहा था। जिला झज्जर के गांव छपार निवासी पूर्व सरपंच का लड़के राहुल ने अपनी गाड़ी मोहित को किराए पर दे रखी थी। दोनों में 35 हजार का लेनदेन था। राहुल खरावड़ निवासी सागर जतिन सहित करीब एक दर्जन दोस्तों के साथ वही पहुच गया। सभी ने मोहित पर हमला कर दिया। एक ने गोली मारी जो उसकी जांघ में लगी।

चोरी की दो वारदातों में तीन आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने चोरी की दो वारदातों में शामिल तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 21 अक्टूबर को अंकित निवासी इस्माईला और रवि निवासी अजायब को शक के आधार पर काबू किया गया। पूछताछ में पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात सामने आई। वहीं, मुख्य सिपाही अमित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पटाखा फैक्टरी के पास सुमित निवासी संजय नगर को पकड़ा। पूछताछ में उससे स्कूटी चोरी की वारदात का खुलासा हुआ।

निजी बिजली कंपनियों को पैरेलल लाइसेंस देने के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन

बिजली कर्मियों की हड़ताल, परेशान लोग सड़कों पर उतरे, कई जगह जाम

पूरे दिन चार बिजली कट लगे और बिजली निगम के पास 48 शिकायतें पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज. ⏭ रोहतक

बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों की हड़ताल के बीच जिले में पूरे दिन चार बिजली कट लगे और बिजली निगम के पास 48 शिकायतें पहुंचीं। हड़ताल के दौरान उपभोक्ताओं की परेशानी दूर करने के लिए निजी कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर शिकायतों का निवारण किया। वहीं, बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर कर्मचारियों और अधिकारियों ने राजीव गांधी विद्युत सदन परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का विरोध गुरुग्राम और नूंह में 11 पावर कंपनी को हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) की ओर से दिए गए निजी पैरेलल लाइसेंस के खिलाफ है। प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता संदीप गोयत, विकास दहिया, सुनील दहिया, प्रवीण और सोमवीर ने की, जबकि मंच संचालन संदीप जांगरा ने किया। मोर्चा नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन वेतन या भत्तों के लिए नहीं, बल्कि सरकारी बिजली वितरण व्यवस्था की रक्षा के लिए है। उन्होंने जनता से भी संघर्ष में सहयोग देने की अपील की। प्रदर्शन में संयुक्त किसान मोर्चा, किसान मजदूर संघ, सीटू, सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा कर्मचारी महासंघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, भारतीय किसान सभा व एसएफआई सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचे। इनमें इंद्रजीत सिंह, प्रीत सिंह, सुमित दलाल, वीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र धनखड़, कर्मवीर सिवाच, जोगेंद्र बल्हारा, उम्मेद सिंह, जयभगवान और अमित पिलानिया शामिल रहे।



रोहतक। धरना देते बिजली कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि



डेयरी मोहल्ले में बिजली के साथ पानी की सप्लाई भी प्रभावित

रोहतक। सुबह उठे तो घरों में बिजली नहीं थी और पानी की सप्लाई का समय भी निकल गया। इंतजार करते-करते लोगों की परेशानी बढ़ती गई, लेकिन बिजली बहाल नहीं हुई। आखिरकार करीब 11 घंटे तक परेशानी झेलने के बाद डेयरी मोहल्ले के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। शाम करीब चार बजे कॉलोनीवासियों ने सड़क पर उतरकर जाम लगा दिया और बिजली निगम के प्रति नाराजगी जताई। लोगों का कहना था कि सुबह पांच बजे बिजली गुल होने से घरों में पानी तक नहीं पहुंच पाया। जाम की सूचना मिलने पर पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। कॉलोनीवासियों के अनुसार, थाना प्रभारी ने बिजली कर्मचारियों को फोन किया, जिसके करीब 10 मिनट बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। डेयरी मोहल्ले के लोगों के अनुसार, सुबह करीब पांच बजे बिजली चली गई थी। इसी दौरान घरों में पानी की सप्लाई का समय था। बिजली नहीं होने के कारण पानी की व्यवस्था प्रभावित हुई और लोगों को दैनिक कामकाज में परेशानी उठानी पड़ी। सुबह से बिजली आने का इंतजार कर रहे लोग उम्मीद लगाए बैठे रहे कि कुछ देर में आपूर्ति बहाल हो जाएगी, लेकिन समस्या बनी रही। इससे घरों में पानी की किल्लत बढ़ गई और लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। कालोनीवासियों का कहना था कि बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए उन्हें घंटों परेशान होना पड़ा। सुबह से समस्या का सामना करने के बाद शाम करीब चार बजे लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर अपना रोष जताया। उनका कहना था कि यदि बिजली समय पर बहाल कर दी जाती तो पानी की परेशानी नहीं होती और उन्हें विरोध करने के लिए सड़क पर नहीं उतरना पड़ता। जाम के कारण सड़क से गुजरने वाले अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

लाइसेंस रद्द नहीं हुए तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी

राज्य कमेटी के नेताओं देवेंद्र सिंह हुड्डा, सुनील पंवार, विजय हुड्डा, मनदीप शर्मा, धर्मराज कुंडू और रविंद्र हुड्डा ने कहा कि पैरेलल लाइसेंस रद्द होने तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने दावा किया कि बिजली अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत मुख्यमंत्री जनहित के मामले में एचईआरसी को निर्देश दे सकते हैं। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार फैसला वापस नहीं लेती तो 24 अक्टूबर को बैठक कर बड़े आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। वहीं, ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धनखड़ ने कहा कि इससे आम जनता, किसानों और कर्मचारियों के हित प्रभावित होंगे। दूसरी तरफ हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने बिजली वितरण के निजीकरण के विरोध में 23 अक्टूबर को प्रदेश के सभी रोडवेज डिपो पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

सुबह 5 बजे शहर में गुल हुई बिजली आज और बिगड़ सकते हैं हालात

- सुबह बिजली गई तो पानी की सप्लाई भी हुई प्रभावित
- इंतजार के बाद सड़क पर उतरकर जताया विरोध
- जाम के करीब एक घंटे बाद पहुंचे थाना प्रभारी
- लोगों ने उठाए व्यवस्था पर सवाल
- डेयरी मोहल्ले में बिजली के साथ पानी की सप्लाई भी प्रभावित
- फोन करने के 10 मिनट बाद बहाल हुई बिजली

सुबह से गुल बिजली, धिलौड व कंसाला के ग्रामीणों का सड़क पर फूटा गुस्सा, देर रात खुला जाम

रोहतक। सुबह से घरों में बिजली गुल रही और इंतजार करते-करते ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया। बिजली नहीं होने से परेशान गांव धिलौड व गांव कंसाला के ग्रामीणों ने देर रात सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने बिजली निगम के कर्मचारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान करवाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद देर रात ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण ग्रामीणों को दिनभर परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीणों की नाराजगी के चलते सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही।



हड़ताल से बढ़ा बिजली संकट, लोग परेशान

सांपला। गुरुवार को बिजली कर्मचारियों की हड़ताल ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। पावर हाउस की सप्लाई बंद होने से कस्बे व कई गांव में बिजली संकट हो गया। गुरुवार को बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल शुरू की हुई है। बिजली निगम कार्यालय में कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। लोगों ने बताया कि बुधवार की देर शाम को सप्लाई बंद हो गई थी। शाम को चार बजे बाद बिजली आई तो लोगों ने राहत की सांस ली।

गूगल मैप से पुलिस ने बिछड़े बालक को परिवार से मिलाया



रोहतक। माता-पिता का मोबाइल नंबर याद नहीं, रास्ते की सही जानकारी भी नहीं, लेकिन घर के पास स्थित मंदिर की पहचान ने बिछड़े बालक को परिवार से मिलाने का रास्ता खोल दिया। रोहतक के लाखन माजरा थाना पुलिस ने गूगल मैप और अपनी सूझबूझ की मदद से बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले बालक को सकुशल परिजनों तक पहुंचाया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बालक रास्ता भटककर सड़क पर घूम रहा है। सहायक उप निरीक्षक शमशेर सिंह ने बालक को विश्वास में लेकर उससे जानकारी जुटाई। पूछताछ में पता चला कि वह बिहार के समस्तीपुर जिले के एक गांव का रहने वाला है, लेकिन माता-पिता का मोबाइल नंबर नहीं बता पा रहा था। पुलिस ने गूगल मैप पर गांव के आसपास के घर और प्रमुख स्थान दिखाए तो बालक ने अपने घर के पास स्थित मंदिर को पहचान लिया। इसके बाद पुलिस ने आसपास की एक फोटोग्राफर की दुकान पर लिखे मोबाइल नंबर के माध्यम से संपर्क किया। व्हाट्सऐप पर बालक की तस्वीर भेजकर उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाई गई। जानकारी मिलने पर बालक के पिता ने सफीदों में काम कर रहे अपने भाई को उसे लेने भेजा। आवश्यक तस्दीक के बाद पुलिस ने बालक को

- माता-पिता का मोबाइल नंबर भी नहीं बता पा रहा था बच्चा

खेत से बिजली की मोटर चोरी गांव के युवक पर लगाया आरोप

रोहतक। खेतों में सिंचाई के लिए रखी बिजली की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। मोखरा गांव के एक किसान ने अपने ही गांव के युवक पर मोटर चोरी करने का आरोप लगाया है। किसान के अनुसार, वह काफी समय से अपनी मोटर की तलाश कर रहा था। अब उसे कथित चोरी के संबंध में जानकारी मिली, जिसके बाद उसने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। मोखरा निवासी मोहन ने बहुअकबरपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है और उसने खेत में पानी की सप्लाई के लिए टेसिमो कंपनी की एक हॉर्सपावर की बिजली मोटर लगा रखी थी। उसकी मोटर चोरी हो गई थी, लेकिन उस समय उसने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करवाई थी। वह अपने स्तर पर लगातार मोटर की तलाश करता रहा। मोहन के मुताबिक, अब उसे पता चला कि गांव के निखिल पुत्र अशोक ने कथित तौर पर उसकी मोटर चोरी की है। शिकायतकर्ता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने और चोरी हुई मोटर बरामद करवाने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 22 अक्टूबर को केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

- किसान की शिकायत पर बहुअकबरपुर थाना पुलिस ने दर्ज किया केस

रिफंड के नाम पर महिला से 98,999 रुपये की साइबर ठगी

रोहतक। रिफंड के नाम पर शुरू हुई बातचीत एक महिला को करीब 99 हजार रुपये की चपत लगा गई। फोन करने वाले ने पहले रकम भेजने और फिर गलती से अधिक पैसे ट्रांसफर होने का बहाना बनाकर महिला से बार-बार अलग-अलग नंबरों पर भुगतान करवाया। महिला को ठगी का पता चला तो उसने साइबर थाना रोहतक में शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गलती से ज्यादा रकम भेजने का दिया झांसा

राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के गांव नूंवा निवासी सुमन चौधरी फिलहाल रोहतक के सेक्टर-36ए स्थित किराये पर रहती हैं। शिकायत में उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को दोपहर करीब 3:20 बजे उनके पास आदिल खान के नाम से फोन आया। कॉल करने वाले ने रिफंड भेजने की बात कही और पहले 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद उसने दावा किया कि 3 हजार रुपये की जगह गलती से 30 हजार रुपये भेज दिए हैं और रकम वापस करने को कहा। महिला के अनुसार, 5 हजार रुपये की पेमेंट कराने का प्रयास किया गया, लेकिन यह असफल रही। इसके बाद कॉल करने वाले ने व्हाट्सएप पर क्यूआर कोड भेजा और 1,999.67 रुपये का भुगतान करवाया। उसने महिला को कुछ समय तक गूगल पे नहीं खोलने के लिए भी कहा। सुमन चौधरी ने शिकायत में कुल 98,999 रुपये की साइबर ठगी होने की बात कही है। महिला ने 22 अक्टूबर को साइबर थाना में शिकायत देकर रकम वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

करौंथा में कहासुनी के बाद मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

रोहतक। गांव करौंथा में एक कार्यक्रम के दौरान टेंट लगाने के काम में जुटे टेंट संचालक के भाई के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने गांव के कुछ युवकों पर रास्ता रोककर मारपीट करने और बीच-बचाव करने आए उसके भाई पर चाकू से हमला करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पांच धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बालंद निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई विजेंद्र की गांव करौंथा में टेंट की दुकान है। 20 अक्टूबर को विजेंद्र ने गांव में सुशील के घर आयोजित कार्यक्रम में टेंट लगाया था। कुलदीप अपने भाई और अन्य कर्मचारियों के साथ वहां काम कर रहा था। आरोप है कि शाम करीब चार बजे गांव करौंथा के अमन, अजय पुत्र वेदा, उनके भानजे हिमांशु और छह-सात अन्य युवक वहां पहुंचे तथा उसके साथ कहासुनी करने लगे। कुलदीप के अनुसार, उसने युवकों को समझाने का प्रयास किया और काम पर जाने लगा, लेकिन आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उसका भाई विजेंद्र उसे छुड़वाने पहुंचा तो आरोप है कि अमन ने चाकू निकालकर हवा में लहराया और विजेंद्र के साथ भी मारपीट की। बाद में ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर दोनों भाइयों को छुड़वाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी भविष्य में गांव में दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना के बाद कुलदीप उपचार के लिए सीएचसी काहनौर पहुंचा।

बस में चढ़ते समय महिला से सोने का लॉकेट, चांदी की चुटकी और नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बस में चढ़ने की जल्दबाजी के बीच चोर ने महिला के थैले पर हाथ साफ कर दिया। कलानौर बस स्टैंड पर हुई इस घटना में महिला के सोने के लॉकेट, चांदी की चार जोड़ी चुटकी, नकदी और मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़िता की शिकायत पर कलानौर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चरखी दादरी जिले के गांव बौंद कलां निवासी कमलेश देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 अक्टूबर को वह अपने मायके गांव दौहला, जिला गुरुग्राम से ससुराल जा रही थी। वह गुरुग्राम से भिवानी जाने वाली बस में सवार होकर कलानौर बस स्टैंड पहुंची। वहां से उसे दादरी जाने वाली बस पकड़नी थी। कमलेश के अनुसार, जब दादरी जाने वाली निजी बस आई तो वह उसमें चढ़ने लगी। इसी दौरान उसके हाथ में मौजूद कपड़े के थैले से किसी अज्ञात व्यक्ति ने सामान चोरी कर लिया। थैले में एक सोने का लॉकेट, चांदी की चार जोड़ी चुटकी, करीब चार से पांच हजार रुपये और वनप्लस मोबाइल फोन रखा हुआ था। महिला ने अपने स्तर पर सामान और संदिग्ध व्यक्ति का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस चौकी शहर कलानौर में शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के चोरी का मामला दर्ज किया है।

- मायके से ससुराल जा रही थी महिला, शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

सोनीपत स्टैंड से भिवानी स्टैंड तक वाहनों की कतारें, चालकों की बढ़ी परेशानी

चेकिंग में सखती, ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी जाम में फंसकर निकल रहा लोगों का दम

- चालान के साथ चौक-चौराहों पर ट्रैफिक कंट्रोल की भी दरकार, सड़क किनारे रास्ता संकरा होने के कारण बढ़ रही समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सड़कों पर पुलिस की चेकिंग दिखाई देती है, लेकिन जाम में फंसे वाहन चालकों को यातायात संभालने वाले पुलिसकर्मियों का इंतजार रहता है। शहर में एक तरफ वाहनों की जांच का अभियान चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात का दबाव लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। सोनीपत स्टैंड और भिवानी स्टैंड पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से लोगों को कुछ मिनट का रास्ता तय करने में भी काफी समय लग रहा है। रेलवे रोड और झज्जर रोड पर सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण रास्ता संकरा होने से समस्या और गंभीर हो रही है। ऐसे में शहरवासियों का सवाल है कि जब वाहनों की जांच पर जोर दिया जा रहा है, तो यातायात को सुचारु बनाने के लिए प्रभावी व्यवस्था कब होगी?



जाम से बेहाल शहर

वाहनों की जांच यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है, लेकिन शहर की सड़कों पर जाम से राहत दिलाना भी उतना ही अहम है। प्रमुख चौराहों पर यातायात नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मियों की पर्याप्त तैनाती नहीं होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यस्त समय में वाहनों का दबाव बढ़ते ही यातायात धीमा पड़ जाता है। ऐसे में चेकिंग के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

समाधान भी चाहते हैं शहरवासी

शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए केवल वाहनों की जांच पर्याप्त नहीं है। प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती, अतिक्रमण हटाने की नियमित कार्रवाई और व्यस्त समय में ट्रैफिक कंट्रोल पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। शहरवासियों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग इन समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देंगे, ताकि रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

निकलने तक की जगह नहीं

सोनीपत स्टैंड पर वाहनों का दबाव बढ़ने से चालकों को निकलने में परेशानी होती है। यहां यातायात को व्यवस्थित करने के लिए प्रभावी इंतजाम जरूरी हैं। जाम के दौरान वाहनों की कतारें लंबी होने से लोगों का समय बर्बाद होता है और रोजमर्रा के काम प्रभावित होते हैं। जाम की स्थिति में एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों के फंसने का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में प्रमुख मार्गों पर आपातकालीन वाहनों को रास्ता देना जरूरी है।

झज्जर रोड पर अतिक्रमण और जाम की दोहरी मार

झज्जर रोड पर भी अतिक्रमण और वाहनों के दबाव से यातायात प्रभावित होने की समस्या सामने आती है। सड़क पर जगह कम होने से वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वालों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। संबंधित विभागों को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

रेलवे रोड पर अतिक्रमण ने रोकी रफ्तार

रेलवे रोड पर सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण आवागमन के लिए उपलब्ध जगह कम हो जाती है। इससे वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। अतिक्रमण हटाने के लिए नियमित कार्रवाई की जरूरत है, ताकि सड़क का इस्तेमाल सुचारु आवाजाही के लिए हो सके।

रेंगते रहे वाहन

भिवानी स्टैंड पर भी व्यस्त समय में यातायात का दबाव परेशानी बढ़ाता है। वाहन चालकों को धीमी गति से आगे बढ़ना पड़ता है। यदि प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मी तैनात रहकर यातायात को नियंत्रित करें तो वाहनों की आवाजाही बेहतर हो सकती है।

आईएमटी क्षेत्र में युवक अवैध पिस्तौल और पांच कारतूस सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



पुलिस की अपराध शाखा-1 की टीम ने आईएमटी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में टीम सोनीपत रोड पर स्कॉलर रोजरी के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि आईएमटी से गांव बलियाणा की तरफ जाने वाले रास्ते पर गांव नोनंद निवासी एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संदिग्ध युवक को काबू किया। उसकी पहचान रितिक पुत्र अनिल निवासी गांव नोनंद के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने थाना आईएमटी में केस दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश किया।

पेंशनधारकों को नवंबर में देना होगा वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र, समय पर प्रक्रिया पूरी करने की अपील

रोहतक। जिला खजाना कार्यालय एवं उप-खजाना कार्यालयों से हरियाणा सरकार की पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनधारकों को नवंबर माह में अपना वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना अनिवार्य है। डीसी सतबीर सिंह ने बताया कि व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए नाम के प्रथम अक्षर के अनुसार तिथियां तय की गई हैं। 'ए' से 'आई' नाम वाले 2 से 12 नवंबर, 'जे' से 'आर' नाम वाले 13 से 21 नवंबर और 'एस' से 'जेड' नाम वाले पेंशनधारक 23 से 30 नवंबर तक प्रमाण पत्र जमा करा सकते हैं। इसके अलावा, पेंशनधारक अपने मोबाइल में 'एम आधार आरडी फेस' और 'जीवन प्रमाण' ऐप डाउनलोड करके घर बैठे भी ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। डीसी ने स्पष्ट किया कि केवल फैमिली पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनधारकों को ही अपना अविवाहित प्रमाण पत्र जिला खजाना कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा। उन्होंने सभी पेंशनभोगियों से समय पर यह प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।